पुलिस उपायुक्त कार्यालय, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक:- 01.12.2024

विषयः-गबन/फ्रॉड का शातिर अभियुक्त सागर तनवानी (M/S साँई इन्टरप्राइजेज मऊ) थाना चौक पुलिस द्वारा गिरफ्तार ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त ज़ोन काशी महोदय के आदेश के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी महोदय व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध महोदय के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी विमल कुमार मिश्र की टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-85/2024 के नामित अभियुक्त सागर तनवानी पुत्र नरेश तनवानी निवासी भीटी बहादुरगंज रोड थाना कोतवाली जनपद मऊ जो काफी समय से फरार चल रहा था जिसके ऊपर आर.वी. इन्टरप्राइजेज व वेलकम कम्युनिकेशन से साँई इन्टरप्राइजेज फर्म बनाकर 6,32,74,936 रुपये के गबन/फ्रॉड का आरोप था जो लुक छिप कर गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में रह रहा था, को भारतीय स्टेट बैंक शाखा सेक्टर 77 नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर के परिसर से दिनांक 30.11.2024 को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

घटना का विवरण:-

थाना स्थानीय क्षेत्र के वी.आर. इन्टरप्राइजेज व वेलकम कम्युनिकेशन के मालिक के द्वारा दिनांक 03.09.2024 को प्रार्थना पत्र दिया गया था कि साँई इन्टरप्राइजेज के सागर तनवानी व अन्य के द्वारा व्यापार के माध्यम से सामान ले लेने तथा काफी दिन व्यतीत हो जाने के पश्चात भी पैसा नहीं देने के व गबन कर लिये जाने के सम्बन्ध में दिया गया था। जिसपर थाना चौक में मु0अ0सं0-85/2024 धारा 409/504/506/120बी भादवि बनाम सागर तनवानी व अन्य के विरुद्ध पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 कुमार गौरव सिंह के द्वारा सम्पादित की जा रही थी। विवेचना व साक्ष्य संकलन के क्रम में अभियुक्त सागर तनवानी व अन्य की तलाश की जा रही थी काफी प्रयास के बाद मुखबिर खास द्वारा ज्ञात हुआ कि अभियुक्त सागर तनवानी पुत्र नरेश तनवानी निवासी भीटी बहादुरगंज रोड थाना कोतवाली जनपद मऊ उम्र 25 वर्ष लुक छिप कर नोएडा में रह रहा है । सर्विलांस व मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त सागर तनवानी उपरोक्त को भारतीय स्टेट बैंक शाखा सेक्टर 77 नोएडा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर से दिनांक 30.11.2024 को समय 17.10 बजे गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास:-

1. मु0अ0सं0- 85/2024 धारा 409/504/506/120 बी भादवि थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी
2. मु0अ0सं0-381/2024 धारा 318(4)/316(2)/352/351(2)/131 बीएनएस थाना कोतवाली जनपद मऊ

अभियुक्त का विवरण:-

1. सागर तनवानी पुत्र नरेश तनवानी निवासी भीटी बहादुरगंज रोड थाना कोतवाली जनपद मऊ उम्र 25 वर्ष

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः- भारतीय स्टेट बैंक शाखा सेक्टर 77 नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर के परिसर से दिनांक 30.11.2024 को

बरामद एवं गिरफ्तार करने वाली टीमः -

1.प्रभारी निरीक्षक श्री विमल कुमार मिश्रा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री कुमार गौरव सिंह थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री शुभम शर्मा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अरविन्द कुमार यादव चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 अश्वनी कुमार सर्विलांस सेल कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी